भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
**अतारांकित प्रश्न सं. 3955**
जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है
**राष्ट्रीय राजमार्ग- 66 पर अंडरपास**

3955. **श्री के. सुधाकरनः**
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार को कन्नूर में राष्ट्रीय राजमार्ग- 66 के साथ-साथ ओकेयूपी स्कूल (सीएच 161+340) में एक अंडरपास के निर्माण के लिए संसद सदस्य से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इस बात को ध्यान में रखते हुए कि ओकेयूपी स्कूल क्षेत्र थालास्सेरी और कन्नूर के बीच बसों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में कार्य करता है, इस क्षेत्र के निवासियों और बस संचालकों द्वारा किए विरोध का संज्ञान लिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अंडरपास न होने के कारण पूर्वी ओर के निवासियों को नडाल बस अड्डे तक पहुंचने के लिए ऊरपाझाची कावु एलयूवीपी के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग- 66 पार करने, चाला बाईपास को पार करने और दो रेल पटरियों को पार करने के लिए बाध्य होना पड़ता है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार जनता को पेश आ रही भारी असुविधा को ध्यान में रखते हुए बस यातायात और लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए इस स्थान पर अंडरपास के निर्माण को स्वीकृति देने की इच्छुक है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हां, स्कूल बसों की आवाजाही के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-66 पर चैनेज 161+340 पर अंडरपास के निर्माण के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ है।

(ख), (ग) और (घ) इस स्थान के पास, चैनल 160+835 (ऊरपझाची कावु रोड) पर 7 मीटर x 3 मीटर आकार का एक अंडरपास पहले ही सौंपा जा चुका है ताकि वाहनों (बसों को छोड़कर) को आवाजाही की सुविधा मिल सके। चूंकि उक्त स्थान पर कार्य पूरा होने के चरण में है, इसलिए इस स्तर पर वाहनों के लिए अंडरपास उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

तथापि, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राज्य अधिकारियों को बसों की आवाजाही के लिए एक समाधान प्रस्तुत किया है। इसके अलावा, पैदल यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए, इस स्थान पर फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

*****